SSLC MODEL QUESTION PAPER 2016

Third Language

Hindi

Time : 90 mts

Score : 90 mts.

सामान्य निर्देश :

- प्रश्न पढ़ने तथा सोचने के लिए पंद्रह मिनट का समय है। इस समय कुछ न लिखें।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें।

सूचना : कविता पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

नाखून

हमने उनसे युद्ध में काम लिया और प्यार में भी
वे हमारी देह में सहेजे हुए आदिम बर्बरता के स्मृतिचिन्ह हैं
वे मृतक हैं जो हमारे भीतर जीवित हैं निरन्तर
यातना की अकथ कथाएं उनमें और उनसे दर्ज हैं
उनकी जड़ों में उगते हुए आधे चन्द्रमा की तरह
सभ्यता का तकाज़ा है कि हम उन्हें लगातार तराशते रहें
और इतना भी न तराश दें कि उनका उपयोग असम्भव हो जाये
हममें से कौन नहीं जानता कि उनकी ज़्यादा तराश के खिलाफ
किस तरह उंगली दिन भर शिकायत करती है हमसे।

(नाखून – നഖം)

1.सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। 1

- नाखून से उँगली शिकायत करती है।
- उँगली आधे चन्द्रमा की तरह है।

- ऊँगली यूद्ध और प्यार में काम लेते है।
- नाखून मृतक है,लेकिन हमारे भीतर निरंतर जीवित है।

2.यह आशयवाली दो पंक्तियाँ चुनकर लिखें। **2**

नाखून हमेशा हमारे अंदर मरे पड़े हैं।

3.कविता पर टिप्पणी लिखें। **4**

सूचना : निम्नलिखित अंश पढ़ें और 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

पैन में कुछ स्याही बची थी , उसे साहिल ने ज़मीन पर छिड़क दिया । नई स्याही भरवाने के लिए दोनों दूकान पर पहूँचे ।

"एक पैन स्याही भर दो " साहिल से पहले ही बेला ने दूकानवाले से कहा ।

"बेटा स्याही की बोतल अभी-अभी खाली हो गयी है।अब तो कल ही मिल पाएगी ।"

"लेकिन इसने तो पैन में जो स्याही थी उसे भी ज़मीन पर छिड़क दिया ।" बेला बोली।

"बादल को देखकर घड़े को नहीं ढुलाना चाहिए। "दूकानवाले भैया ने कहा और पूछा कौन-सी में पढ़ते हो ?"

"पाँचवीं में " साहिल ने ऐसे बुरे मन से बताया जैसे पाँचवीं में पढ़ना पाप हो ।

4."बादल को देखकर घड़े को नहीं ढुलाना चाहिए। "दूकानवाले भैया ने ऐसा क्यों कहा ?

1

5.बेला और साहिल की दोस्ती पर अपना विचार लिखें।

2

6.कहानी के प्रस्तुत अंश के आधार पर **पटकथा** तैयार करें।

4

सूचना : निम्नलिखित कविताँश पढ़ें और 7 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

"तब मैं
रथ का टूटा हुआ पहिया
उसके हाथों में
ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता हुँ । "

7. टूटा पहिया किसका प्रतीक है ?

(तुच्छ समझनेवालों का , मन का , लघुमानव का)

8.इन पंक्तियों की प्रसंगिकता पर टिप्पणी लिखें।

4

सूचना : निम्नलिखित अंश पढ़ें और 9 से 11 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

गाते–गाते अचानक माँ की आवाज़ फटकर फुसफुसाहट में तब्दील हो गई । लोगों को लगा कि माइक में कुछ खराबी आ गई है, पर फूसफुसाहट ज़ारी थी। लोग चिल्लाने लगे ।कहीं से कुछ लोग म्याउ–म्याऊ की आवाज़ निकालने लगे। इस अभद्र शोग ने माँ को स्टेज से हटने को मज़बूर कर दिया ।

9. माँ को क्यों स्टेज छोड़ना पड़ा ?

1

10. माँ डर गई ।

मैनेजर ने चार्ली को स्टेज पर भेजने की जिद् द की।

(**इसलिए** का प्रयोग करके वाक्य बनाएँ ।) 1

11.उपर्युक्त प्रसंग पर माँ की **डायरी** कल्पना करके लिखें।

4

सूचना : निम्नलिखित अंश पढ़ें और 12 से 14 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

"अरी बेवकूफ़ यह घर तो पराया है। बाकी लड़कियों की तरह तू भी किसी ओर की अमानत है।ससुराल ही तेरा असली घर होगा।जैसे देख,पैदा तो मैं भी इसी घर में हुई थी , पर अब तेरे फूफाजी का घर ही मेरा घर है। कुछ समझी ?"

12. "अरी बेवकूफ़ यह घर तो पराया है। "बुआ गुठली से एसा क्यों कहती है ?

1

13. ये बातें किसकी ओर इशारा करती है ? क्यों ? 2

14.गुठली अपनी मन की बातें सहेली को बताती है। सहेली और गुठली के बीच संभावित **वार्तालाप** लिखें। 4

सूचना : निम्नलिखित कविताँश पढ़ें और 15 से 16 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

कई दिनों तक चुल्हा रोया , चक्की रही उदास
कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उनके पास
कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकलियों की गश्त
कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही शिकश्त

15. कविता के आधार पर सही प्रस्ताव चुनें। **1**

- घर भर की आँखों का चमक उठना
- कौए के पंखों का खुजलाना
- चक्की का उदास होना
- घर के अंदर दाने का आना ।

16. अकाल के क्या–क्या कारण हो सकते है ? कविताँश के आधार पर व्याख्या करें। 4

17. संबन्ध पहचानें और सही मिलान करें। 3

प्राचीन काल में जातिप्रथा	और इसे हमारी मदद की ज़रूरत है।
यह व्यक्ति मुसीबत में है।	राजस्थान
जैसलमेर	ठाकुर का कुआँ